# कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम

सैलाना रोड़, ग्राम बंजली, रतलाम (म0प्र)

ईमेल:- deanratlam@gmail.com वेबसाईट :- www.gmcratlam.org कार्यालय दूरभाष नंबर :- 07412-284226 पिनकोड :- 457001

**DONATE ORGAN – SAVE LIFE**

अंगदान करें – जीवन बचाएँ

क्रमांक : 7437 /स्था/जी.एम.सी./2026 रतलाम, दिनांक :– 13/07/26

## //विज्ञप्ति//

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम चिकित्सकीय आदर्श सेवा नियम 2018 संचालक चिकित्सा शिक्षा विभाग के पत्र क्रमांक 341/स्था./अराज/2021 भोपाल दिनांक 26/03/2021 के द्वारा प्राप्त अनुसूची के अनुसार डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम के अधीन आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी के रिक्त पद की पूर्ति की जाना है जिस हेतु आवेदक शासन/एनएमसी द्वारा निर्धारित नवीन टी.ई.क्यू. अनुसार न्यूनतम अर्हताए पूरी करते हों। इस हेतु निर्धारित प्रपत्र में डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम (स्वशासी समिति) चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में दिनांक 01/08/2026 सायं 5:00 बजें तक आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है। उपरोक्त विज्ञापन की पूर्ण जानकारी एव आवेदन पत्र का निर्धारित प्रारूप डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम की मध्यप्रदेश की वेबसाईट www.gmcratlam.org एवं संचालक चिकित्सा शिक्षा विभाग की www.medicaleducation.mp.gov.in पर उपलब्ध हैं।

2) आवेदन पत्र डाक द्वारा अथवा व्यक्तिगत रूप से मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता, डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम ग्राम बंजली, सैलाना रोड़, रतलाम (म.प्र.) 457001 के कार्यालय में जमा कराया जाना अनिवार्य हैं एवं अपना पूर्ण रूप से निर्धारित प्रारूप में भरा हुआ आवेदन पत्र, समस्त दस्तावेजों स्वयं हस्ताक्षरित सहित स्कैन कराकर डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम की ई–मेल आई डी deanratlam@gmail.com पर भी भेजा जाना अनिवार्य हैं।

3) आवेदन पत्र के लिफाफे पर स्पष्ट रूप से डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय सी चिकित्सा महाविद्यालय रतलाम में शैक्षणिक संवर्ग हेतु आवेदन एवं विषय तथा आवेदित पद का नाम और आरक्षित/अनारक्षित श्रेणी का उल्लेख अनिवार्य रूप से करें। किसी भी स्थिति में निर्धारित तिथि एवं समय के पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

| स. क्र. | पद का नाम | कुल रिक्त पद | रोस्टर | | | | | वेतनमान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | UR | SC | ST | OBC | EWS | |
| 1 | आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी | 01 | – | – | – | – | 01 | सातवें वेतनमान में वेतन 15600–39100+5400 |

डॉ. अनिता मूथा

मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता

डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शा. स्व.चि.महा. रतलाम (म0प्र)

निरंतर........

Scanned with CamScanner

## आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी

**नोटः– आवेदक की आयु दिनांक 01.01.2026 को पद अनुरूप 25 वर्ष से कम नहीं होना चाहिए।**

सामान्य प्रशासन विभाग मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्र सी–3–8/2016/3–एक भोपाल, दिनांक 12 मई 2017 के अनुसार निम्न संवर्गो के अंतर्गत आने वाले अभ्यर्थी की अधिकतम आयु सीमा निम्नानुसार होगी –

| | |
|---|---|
| अनारक्षित पुरूष वर्ग के लिये | 40 वर्ष |
| अनारक्षित महिला वर्ग के लिये | 45 वर्ष |
| आरक्षित वर्ग हेतु अ.पि.व/अजजा/अजा हेतु | 45 वर्ष |
| पुरूष/महिला आवेदक (शासकीय/निगम/मण्डल/स्वशासी संस्था के कर्मचारी तथा नगर सैनिक) | 45 वर्ष |

2. पदों पर आरक्षण राज्य शासन द्वारा समय–समय पर जारी आदेशों के अनुसार रहेगा। आरक्षण का लाभ म.प्र. के मूल निवासी अभ्यार्थियों को ही सक्षम प्राधिकारी द्वारा जारी जाति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने पर ही दिया जायेगा।

3. आवेदक को उसके पद के अनुरूप कर्तव्यों का तथा समय–समय पर सौंपे गये प्रशासनिक दायित्वों का निर्वहन करना होगा।

4. आवेदक द्वारा आवेदन पत्र में वांछित दस्तावेज संलग्न न करने पर अपूर्ण आवेदन पत्र को अमान्य किया जावेगा तथा किसी भी तरह का पत्राचार मान्य नहीं होगा।

5. आवेदक पूर्व से जिस संस्था मे कार्यरत है, उस संस्था के सक्षम अधिकारी का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा तथा चयनित होनें की स्थिति में त्याग पत्र स्वीकृति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। चयन प्रक्रिया हेतु किसी भी प्रकार का यात्रा भत्ता देय नही होगा।

6. उम्मीदवार को म.प्र. राज्य मेडिकल कौंसिल अथवा एन.एम.सी. से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। साक्षात्कार के समय उपरोक्त समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी।

(7) पदो की संख्या घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।

(8) किसी भी समय बिना कारण बताये विज्ञप्ति को निरस्त किया जा सकता है।

(9) किसी भी विवाद की स्थिति में संस्था का निर्णय अंतिम व मान्य होगा।

10. **निरहर्ताए–**

(1) विकृत चित्त वाला होने पर

(2) दुष चरित्र होने पर

(3) शारीरिक दुर्बलता के कारण व्यक्ति अपने कर्तव्य बोध एवं दायित्व को पूरा नहीं कर सकता हो।

(4) नियुक्ति के लिये प्रयास/अनुशंसा – किसी भी उम्मीदवार की ओर से अपनी उम्मीदवारी की सहायता प्राप्त करने हेतु किसी भी जरिये से किया गया कोई भी प्रयास/अनुशंसा उसके लिये अनर्हकारी माना जायेगा।

DEAN & CEO

निरंतर..........3

Scanned with CamScanner

(5) विवाह संबंधी- जिस उम्मीदवार ने न्यूनतम आयु (पुरूष वर्ग के लिए 21 वर्ष एवं महिला वर्ग के लिए 18 वर्ष) से पूर्व विवाह कर लिया होगा उसे इन पदों पर चयन हेतु अयोग्य माना जायेगा। कोई भी ऐसे महिला/पुरूष उम्मीदवार जिसने किसी ऐसे पुरूष/महिला से विवाह किया हो, जिसकी पहले से जीवित पत्नि/पति हो, ऐसे महिला/पुरूष नियुक्ति के लिए पात्र नहीं होगें ।

(6) जिस आवेदक की दो से अधिक संतान हो एवं जिसमें से तीसरी संतान का जन्म दिनांक 26.01.2001 को या उसके पश्चात हुआ हो, नियुक्ति के लिये पात्र नहीं होंगे । (दो या दो से कम संतान वाले आवेदक शपथ पत्र प्रस्तुत करें।)

(7) कूट रचित/फर्जी दस्तावेज एवं चयन के स्तर पर जानकारी छिपाये जाने/अभिलेख फेरबदल कर प्रस्तुत करने पर ।

(8) कदाचरण सबंधी – किसी भी ऐसे उम्मीदवार को नियुक्त नही किया जावेगा, यदि उसने शासन या स्थानीय प्राधिकारी की सेवा के कदाचरण के लिए परिणास्वरूप पदच्युत कर दिया गया हो यदि उसे नैतिक पतन के अपराध पर दोष सिद्ध ठहराया गया हो।

(9) ऐसा उम्मीदवार जिसके विरूद्ध नैतिक पतन का आपराधिक प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है अथवा उसका नैतिक पतन के आपराधिक मामले में दोष सिद्ध हुआ हो।

(10) उम्मीदवार को म.प्र. राज्य मेडिकल कौंसिल अथवा एन.एम.सी. से पंजीयन कराना अनिवार्य होगा। साक्षात्कार के समय उपरोक्त समस्त प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करनी होगी।

(11) आवेदन मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम, ग्राम बंजली– सैलाना रोड़, रतलाम के नाम से बंद लिफाफे पर पदनाम व स्वंय का नाम व पता अंकित कर भेजने की अंतिम तिथि (**दिनांक 01.08.2026 सांय 05:00 बजे तक है**)। निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा। साक्षात्कार की तिथि पृथक से संस्था की वेबसाइट के माध्यम से सूचित की जावेगी। स्क्रुटनी एवं साक्षात्कार से संबंधित जानकारी हेतु समय–समय पर संस्था की वेबसाइट का अवलोकन करें।

**महत्वपूर्ण टीप :**–यह सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी स्वयं आवेदक की होगी कि वे अपने आवेदित पद के लिए निर्धारित समस्त अर्हताए और शर्तो को पूरा करते है । अतः आवेदन करने के पूर्व आवेदक अपनी अर्हता की जांच स्वयं कर ले और अर्हता की समस्त शर्ते पूरा करने पर ही आवेदन पत्र भरें। चयन के किसी भी स्तर पर आवेदक के अपात्र पाए जाने पर उसका आवेदन पत्र निरस्त कर उसकी उम्मीदवारी समाप्त की जायेगी । आवेदक के विरूद्ध पुलिस प्रकरण अथवा किसी भी प्रकार की जॉच न हो जिसके कारण आवेदक की नियुक्ति प्रभावित होती हो, इस आशय से संबंधित घोषणा पत्र जो की आवेदन के प्रारूप में दिया गया है। यह शर्त भी उसमें समाहित रहेगी।

Anita Mutha

**डॉ. अनिता मूथा**
**मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता**
**डॉ. लक्ष्मीनारायण पाण्डेय शा.स्व. चि.महा.रतलाम (म0प्र)**

Scanned with CamScanner

# आवेदन का प्रारूप

**आकस्मिक चिकित्सा अधिकारी** के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन–पत्र (अंतिम तिथि 01.08.2026)

**नोट: सभी जानकारी आवेदक द्वारा पूर्ण की जावे।**

आवेदित पद का नाम – ........................................................................

| स्वप्रमाणित फोटो |
|---|

आवेदन शुल्क रूपये अनारक्षित श्रेणी हेतु रूपये 1000 एवं आरक्षित श्रेणी हेतु रूपये 750 संस्था के नाम निम्न अकाउण्ट में ट्रासफर कर रसीद संलग्न करें स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया, शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय परिसर, रतलाम।(IFSC :- SBIN0061542 (Account No. 37781005358)(New Goverment Medical College (Autonomus Society) Ratlam/ UPI/NET BANKING/NEFT के माध्यम से जमा करें। जिस पर आवेदक का नाम व पद का उल्लेख हो ।

1 आवेदक का नाम ........................................................................

2 पुरूष / महिला ........................................................................

3. नाम (उपनाम सहित) ........................................................................

4 वर्तमान निवास स्थान का पता (पिनकोड सहित) ........................................................................

........................................................................

शहर का नाम ................................. फोन नं ........................................

मोबाइल नं ................................. ईमेल आईडी ........................................

5 स्थाई पता ........................................................................

........................................................................

शहर का नाम ................................. फोन नं ........................................

मोबाइल नं ........................................

6. आधार कार्ड नम्बर ........................................

7. जन्मतिथि **(हाईस्कूल परीक्षा की अंकसूची संलग्न करें)**.............01.01.2026 को आयु............वर्ष..........माह........दिवस

8. विवाहित / अविवाहित.......................... विवाहित होने पर सतांनों की संख्या...............

9. शैक्षणिक योग्यताऐं:– **(प्रमाण–पत्र एवं अंकसूची को स्वप्रमाणित सत्यापित छायाप्रति संलग्न करें) पद के अनुसार योग्यता अंकित करें ।**

| स. क्र | परीक्षा का नाम | संस्था / बोर्ड / वि.वि. | वर्ष | विषय | प्राप्तांक / पूर्णांक | कुल प्राप्तांक / प्रतिशत | प्रयास (Attempt) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |
| | | | | | | | |

**(प्रत्येक वर्ष का पृथक–पृथक भरें)**

Scanned with CamScanner

10 अनुभव :–

| क्र | पदनाम | पद पर कार्यभार ग्रहण का दिनांक | अनुभव वर्ष/माह/दिन | सक्षम अधिकारी पदनाम |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

11. संलग्न प्रमाण पत्रों की सूची (स्वप्रमाणित फोटोकॉपी संलग्न करें)।

1. जन्मतिथि के लिये कक्षा 10 वीं की अंकसूची
2. 12वी अंकसूची।
3. एम.बी.बी.एस. प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ प्रोफ. अंकसूची एवं डिग्री।
4. मेडिकल काउंसिल का पंजीयन प्रमाण पत्र (एम.बी.बी.एस.)।
5. प्रयास प्रमाण पत्र (ATTEMPT CERTIFICATE) ।
6. इन्टर्नशिप सर्टिफिकेट।
7. स्थानीय निवास प्रमाण पत्र।
8. आधार कार्ड।
9. आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाण पत्र (वर्ष 2026–2027)।
10. नवीन वर्ष का आय प्रमाण पत्र।
11. अन्य प्रमाण पत्र/अंकसूची इत्यादि।
12. आवेदन शुल्क की रसीद की फोटोकॉपी।
13. अनापत्ति प्रमाण पत्र।

12. **आवेदन शुल्क अनारक्षित श्रेणी हेतु रूपये 1000 एवं आरक्षित श्रेणी हेतु रूपये 750 संस्था के नाम** (IFSC :- SBIN0061542) (Account No. 37781005358) (New Goverment Medical College (Autonomus Society) Ratlam **अकाउण्ट में ट्रांसफर कर रसीद/डी.डी.** (New Goverment Medical College (Autonomus Society) Ratlam **के नाम से संलग्न करें। जिस पर आवेदक के नाम व पद का उल्लेख हो।**

13. आवेदन का बंद लिफाफा मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं अधिष्ठाता शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम, ग्राम बंजली–सैलाना रोड़, पिनकोड– 457001 रतलाम के नाम से भेजे ।

**लिफाफे पर आवेदित पद का नाम एवं आवेदक का नाम व पता आवश्यक रूप से अंकित करें।**

**नोटः– संबंधित पद की अर्हताये आवेदक द्वारा सुनिश्चित कर आवेदन पत्र की पूर्ति कर ही आवेदन करे।**

स्थान..............................

**आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर**

दिनॉक............................

## //घोषणा–पत्र//

1. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दी गई उपरोक्त जानकारी पूर्ण एवं सत्य है। जानकारी असत्य होने की दशा में मेरा आवेदन पत्र/नियुक्ति पत्र निरस्त किया जा सकेगा।
2. मेरे विरूद्ध पुलिस प्रकरण में एफ.आई.आर.दर्ज नहीं है, और मेरे विरूद्ध कोई जॉच प्रचलन में नहीं है।
3. मैं प्रमाणित करता/करती हूँ कि मुझे नैतिक पतन के किसी अपराध मे किसी न्यायालय द्वारा न तो दोषी पाया गया है और न ही मेरे विरूद्ध इस प्रकार का कोई प्रकरण किसी भी न्यायालय मे विचाराधीन है।
4. म.प्र. शासकीय स्वशासी चिकित्सा महाविद्यालय, रतलाम के शैक्षणिक/चिकित्सकीय/गैर शैक्षणिक निर्धारित आदर्श सेवा भर्ती नियम–2018 मुझ पर पूर्णरूपेण बंधनकारी होंगे।

Anita Mutha

**आवेदक का पूरा नाम एवं हस्ताक्षर**

Scanned with CamScanner